PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Thu, 25 May 2017, Page 6
Width: 25.18 cms, Height: 16.88 cms, a4r, Ref: 27.2017-05-25.47

मंत्रालय 700 बस्तियों को गोद लेगा

नई दिल्ली | एजेंसियां

मोदी की सरकार के तीन साल पूरे होने के अवसर पर केंद्रीय खेलमंत्री विजय गोयल ने बुधवार को ऐलान किया कि उनका मंत्रालय नेहरू युवा केन्द्र के जरिये दिल्ली की 700 झुग्गी बस्तियों को गोद लेगा।

गोयल ने अपने निवास पर इस क्रांतिकारी योजना की घोषणा करते हुए कहा कि दिल्ली में 'गोद लीजिए एक स्लम' योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। इसके तहत 'स्लम युवा दौड़' का आयोजन 26 मई को दिल्ली विश्वविद्यालय के सर शंकरलाल हॉल से रग्बी स्टेडियम तक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि वह (गोयल), प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी और ओलंपिक पदक विजेता महिला मुक्केबाज एमसी मैरीकोम इस दौड़ को हरी झंडी दिखाएंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के 700 स्लम में लगभग 40 लाख लोग रहते हैं।

स्लम गोद लेने को 'जीवन सार्थक योजना' नाम दिया गया है। इससे स्लम के लोगों का जीवन तो सार्थक होगा ही, गोद लेने वालों का जीवन वास्तव में सार्थक हो जाएगा। खेलमंत्री ने बताया कि दो किलोमीटर की दौड़ में झुग्गी बस्तियों के हजारों युवा हिस्सा लेंगे। योजना की शुरुआत छह विधान सभा क्षेत्रों से की जा रही है। इस योजना के तहत जिन झुग्गी बस्तियों को गोद लिया जाएगा, वहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभी योजनाएं- स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, डिजिटल इंडिया, उज्ज्वला लागू की जाएंगी।

विजय गोयल ने बताया कि स्लम गोद लेने के लिए एक प्रभावी योजना बनाई गई है। पहले सभी बस्तियों की सोशल मैपिंग की जाएगी, उसके बाद हर घर से एक फार्म भरवाया जाएगा, जिसमें परिवार की विस्तृत जानकारी होगी। हर परिवार की जरूरत के अनुसार मदद की जाएगी। सभी बस्तियों में चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।